**आकाशवाणी भोपाल**
**प्रादेशिक समाचार**

**दिनांक : 30.11.2024** **समय : 07.10pm**

## मुख्य समाचार :-

- **मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की विदेश यात्रा के दौरान 78 हजार करोड़ रूपये के निवेश के प्रस्ताव मिले।**
- **सांची में आज दो दिवसीय माहबोधी उत्सव की शुरूआत।**
- **केन्द्र सरकार की पर्यटन स्थलों की विकास की योजना में ओरक्षा और भोपाल को शामिल किया गया।**
- **36वीं अखिल भारतीय डाक हॉकी प्रतियोगिता 2 से 6 दिसंबर तक भोपाल में।**

**मुख्यमंत्री**
मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जर्मनी और यूके की छह दिन की यात्रा पूरी कर आज भारत लौट आए। उन्होंने भोपाल में पत्रकार वार्ता में कहा कि यात्रा के दौरान निवेशकों का जोरदार प्रतिसाद मिला है। कुटीर,ऊर्जा,ग्रीन एनर्जी,बुनियादी ढांचा,स्वास्थ्य,ऑटोमोबाइल,खाद्य प्रसंस्करण और पर्यावरण सहित सभी क्षेत्रों के विकास और निवेश पर बातचीत हुई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सीधे निवेश,ज्वाइंट वेंचर और भारतीय निवेशकों के साथ तकनीकी सहयोग के जरिए निवेश होगा। यूके में 60 हजार करोड़ और जर्मनी में 18 हजार करोड़ के निवेश प्रस्ताव मिले हैं।

**महाबोधि उत्सव**
रायसेन जिले में सांची के स्तूप परिसर के पास स्थित चैत्यगिरी विहार मंदिर में दो दिवसीय सांची महाबोधि महोत्सव आज भगवान गौतम बुद्ध के परम शिष्य महामोदग्लायन एवं सारिपुत्र की पवित्र अस्थियों के पूजन किए जाने के साथ शुरू हुआ। पवित्र अस्थि कलश को श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए रखा गया। अस्थि कलश की पूजा से पूर्व वियतनाम के दल द्वारा भगवान गौतम बुद्ध की शोभायात्रा निकाली गई। विशेष पूजा अर्चना के दौरान देश विदेश के बौद्ध धर्म के श्रद्धालु मौजूद रहे। महाबौद्धि महोत्सव को लेकर चैत्यगिरि विहार मंदिर की आकर्षक रंग बिरंगे फूलों से विशेष साज सज्जा की गई। कार्यक्रम में शामिल हुए विद्वानों ने भगवान बुद्ध के शांति के संदेश को जीवन में आत्मसात किए जाने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल मौजूद रहे। दो दिवसीय महोत्सव में आज शाम केन्द्रीय अल्पसंख्यक तथा संसदीय कार्य विभाग मंत्री किरेन रिजिजू का औपचारिक रूप से शुभारंभ करने का कार्यक्रम है। दो दिन तक महोत्सव के तहत सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे।

**सड़क**
केंद्रीय महिला बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर ने कहा है कि केन्द्र सरकार देश में सड़कों के सुधार के लिए व्यापक कदम उठा रही है। उन्होंने आज राऊ खलघाट फोरलेन के गणपति घाट पर करीब नौ किलो मीटर की नई वैकल्पिक सड़क मार्ग का शुभारंभ करते हुए कहा कि इसका औपचारिक लोकार्पण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी करेंगे। लोगों को और इंतजार ना करना पडे, इसलिए इस मार्ग को खोला जा रहा है। उन्होंने उम्मीद जताई है कि इसके बनने के बाद दुर्घटनाओं से निजात मिलेगी। इस अवसर पर इंदौर सांसद शंकर लालवानी, धार विधायक नीना वर्मा मौजूद थे।

**पर्यटन स्थल**
केंद्र सरकार द्वारा देश के 23 राज्यों के 40 पर्यटन स्थलों में से ओरछा और भोपाल को विश्व स्तरीय आइकॉनिक सेंटर के रूप में विकसित करने के लिए चुना गया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने देश के 40 विशेष पर्यटन स्थलों को विश्व के पर्यटन स्थलों की तरह विकसित करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को प्रदेशवासियों की ओर से धन्यवाद देते हुए आभार माना है। उन्होंने कहा कि 3 हजार 295 करोड़ की राशि देश के 40 चिन्हित पर्यटन स्थलों के लिए स्वीकृत की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस योजना में राज्यों के प्रतिष्ठित पर्यटन केन्द्रों के विकास, ब्रांडिंग और विश्व व्यापार स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के साथ ही रोजगार सृजन को बढ़ावा देना शामिल है। इससे निश्चित ही पर्यटन, रोजगार, बाजार, अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के साथ ही भारत की गौरवशाली संस्कृति एवं परंपरा का भी प्रसार होगा।

**ट्रेन**
जबलपुर–वेरामल सोमनाथ एक्सप्रेस अपने दो फेरे परिवर्तित मार्ग से लगाएगी। इसका संचालन कटनी–सागर की बजाय जबलपुर–इटारसी होकर होगा। जबलपुर–वेरावल सोमनाथ एक्सप्रेस – 11466 – कल दो और छह दिसंबर को जबलपुर–इटारसी– भोपाल होकर चलेगी। वापसी में वेरावल–जबलपुर सोमनाथ एक्सप्रेस –11465– आज संचालित हुई। वहीं दो दिसंबर को परिवर्तित मार्ग भोपाल–इटारसी–जबलपुर होकर संचालित होगी।

जबलपुर रेल मंडल के सागर–दमोह रेलखंड पर नवनिर्मित तीसरी रेल लाइन को जोड़ने का कार्य होना है। अधोसंरचना निर्माण का यह कार्य आज से आठ दिसंबर के मध्य पथरिया रेलवे स्टेशन में होगा। इस दौरान पश्चिम मध्य रेल से संचालित छह ट्रेनें निरस्त रहेंगी। जबलपुर–हजरत निजामुददीन (गोंडवाना) एक्सप्रेस सहित आठ ट्रेनों का पथरिया स्टेशन का ठहराव अस्थाई रूप से रद किया गया है।

**हॉकी**
भोपाल में 2 से 06 दिसंबर तक 36 वी अखिल भारतीय डाक हाकी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। पाँच दिन तक चलने वाला यह टूर्नामेंट लीग आधार पर खेला जाएगा। मध्यप्रदेश डाक परिमंडल के मुख्य पोस्टमास्टर जनरल विनीत माथुर ने बताया कि इस टूर्नामेंट में मध्यप्रदेश के साथ 06 डाक परिमंडलों की टीमें भाग लेंगी।

**पर्वतारोही**
अशोकनगर जिले की पर्वतारोही मुस्कान रघुवंशी ने अफ्रीकी महाद्वीप की सबसे ऊंची चोटी किलिमंजारो की चोटी को फतह कर लिया है। इस उपलब्धि के लिए पर्वतारोही सुश्री मुस्कान रघुवंशी को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से बधाई एवं शुभकामनाएं दी। पर्वतारोही मुस्कान रघुवंशी ने ऑस्ट्रेलिया के सबसे ऊंचे पर्वत कोज़िअस्को को फतह करने के बाद इस बार अफ्रीका महाद्वीप की सबसे ऊंची चोटी किलिमंजारो पर भारत का झंडा फहराया है। इस दोहरी सफलता को हासिल करने वाली वह प्रदेश की सबसे कम उम्र की पर्वतारोही बन गई है।

**एड्स कार्यक्रम**
कल विश्व एड्स दिवस है। इस अवसर पर इन्दौर में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। प्रदेश में एड्स को लेकर कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। नर्मदापुरम जिले में कल एड्स दिवस पर अनेक जागरूकता और जांच के कार्यक्रम आयोजित होंगे। छिंदवाड़ा के पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में एनएसएस इकाई के रेड रिबन क्लब द्वारा पोस्टर व स्लोगन स्पर्धा का आयोजन कर एड्स से बचाव का संदेश दिया गया।

## समाचार संक्षेप

- जेंडर आधारित हिंसा की रोकथाम हेतु "हम होंगे कामयाब" पखवाड़ा मनाया गया। आगरमालवा जिले के ग्राम मालीखेड़ी में कल संवाद कार्यक्रम में महिलाओं एवं बालिकाओं को घरेलू हिंसा की रोकथाम को लेकर अधिकारों की जानकारी दी गई।
- खरगोन जिले के सेगांव के पास आज एक तेज रफ्तार निजी यात्री बस अनियंत्रित होकर पलटने से तीन महिला और एक बच्चे सहित चार लोगों की मौके पर मौत हो गई। करीब 15 लोग घायल हो गये। हादसे में बस के नीचे दबे लोगों को जेसीबी की मदद से निकाला गया और सेगांव अस्पताल पहुंचाया गया।
- जबलपुर में 2 दिसंबर से धान की खरीदी के लिए जिले में 86 केंद्र बनाए गए हैं। इस बार धान खरीदी का लक्ष्य पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 1 लाख क्विंटल कम करते हुए साढ़े तीन लाख मीट्रिक टन रखा गया है। जिले के लगभग 54 हजार से अधिक किसानों ने पंजीयन कराया है।

....................